Regarding loss of Paddy Crops due to excessive rains and compensation thereof

श्री दरोगा प्रसाद सरोज (लालगंज) **:** सभापति जी, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार, दोनों का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र लालगंज और जनपद आजमगढ़ और बलिया, गाजीपुर, मऊ की अत्यंत गंभीर समस्या की तरफ दिलाना चाहता हूं ।

महोदय, विगत माह में मेरे क्षेत्र में धान की फसल अतिवृष्टि के कारण व्यापक स्तर पर नष्ट हो गई । किसान भाइयों ने बहुत मेहनत से फसल तैयार की थी, लेकिन लगातार अतिवृष्टि ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया । इतना ही नहीं, वर्षा के बाद जो धान खड़ा था, उसे भी सैनिक नामक कीट ने काटकर जमीन पर फैला दिया, जिससे हजारों किसानों की आजीविका पर गंभीर संकट आ गया है । सबसे चिंताजनक बात यह है कि अब तक न ही केंद्र सरकार की ओर से और न ही राज्य सरकार की ओर से किसी प्रकार की अनुदान राहत पैकेज की घोषणा नहीं की गई है । किसान पूरी तरह टूट चुका है । उनके सामने अगली बुआई का संकट भी खड़ा है । उन्नतशील बीज समय पर उपलब्ध नहीं हो पाए हैं और अतिवृष्टि के कारण गेहूं की बुआई भी बाधित है । अत: ऐसे समय में मेरी मांग है कि इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का तुरंत सर्वेक्षण कराया जाए । केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर प्रभावित किसानों को समुचित और त्वरित मुआवजा दें । आगामी रबी फसल के लिए उन्नतशील बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि किसान पुन: खड़ा हो सके । किसान हमारे देश का अन्नदाता है । यदि वह संकट में है तो प्रदेश और देश दोनों संकट में हैं । इस मुद्दे को तत्काल गंभीरता से लेते हुए राहत कार्य सुनिश्चित किया जाए ।